ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

नवविवाहिता को पिलाया जहरीला पदार्थ, आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 सितम्बर. सतीश शर्मा निवासी दवोहा थाना देहात जिला भिण्ड ने थाना महाराजपुरा में रिपोर्ट कराई थी कि उसकी लड़की सोनाली शर्मा उम्र 24 साल की शादी आदित्य शर्मा पुत्र राजेश शर्मा निवासी भगवान सिंह नगर,ग्वालियर के साथ एक साल पहले शादी हुई थी और शादी में 14 लाख 50 हजार रूपये नगद व सामान दिया था। शादी के 6-7 माह बाद मेरी लड़की जब अपनी ससुराल से हमारे यहाँ आई तब उसने हमें बताया कि ससुराल में मेरी सास अनीता शर्मा, ससुर राजश शर्मा, पति आदित्य शर्मा एव ननद सपना शर्मा मुझे दहेज में बुलेट मोटर साइकिल और लाने की मांग करते हैं और मना करने पर मेरे साथ मारपीट की। तब मैने लड़की के सास, ससुर एव लडके आदित्य शर्मा से बात की तो कहने लगे कि शादी में बुलेट मोटर साईकल नहीं दी थी अब हमें दे दो तब मैने कहा जब मौका आयेगा तब तुम्हे बुलेट मोटर साईकल दे देंगे लेकिन वह लोग फिर भी नहीं माने और लगातार मेरी लड़की को दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे।

19 जुलाई की शाम करीब 11.30 बजे मेरी लडकी सोनाली शर्मा का फोन आया तब उसने बताया कि मेरी सास ने मुझे कोलड्रिक में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया है और मुझे हॉस्पिटल में इलाज के लिए नहीं ले जा रहे है। तब मैंने अपने

आरोपियों की गिरफ्तारी पर एसपी ने 02-02 हजार का इनाम घोषित किया था

रिश्तेदार आकाश शर्मा को फोन करके बताया तब उसने ससुराल पहुंचकर सोनाली शर्मा के इलाज हेतु बोला। उसके बाद इन लोगों ने सोनाली को इलाज के लिए बिरला हॉस्पिटल में भर्ती कराया फिर हमने लडकी सोनाली शर्मा को सर गंगाराम हास्पिटल दिल्ली में भर्ती करा दिया है जहां उसका इलाज चल रहा है। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इलाज के दौरान नवविवाहिता की मृत्यू हो जाने से प्रकरण में दहेज हत्या की धारा बीएनएस की दर्ज की गई और उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह के द्वारा आरोपियों की गिरफ्तार पर दो-दो हजार का इनाम घोषित किया गया। सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार के द्वारा उक्त प्रकरण की स्वयं विवेचना की जाकर पुलिस की टीम को उक्त प्रकरण में वांछित फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया।

मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण में फरार इनामी आरोपी भदरौली रोड घुरैया मार्केट के पास कहीं जाने की फिराक में खड़े हुए हैं। उक्त सूचना पर थाना महाराजपुरा पुलिस की टीम को मौके पर बुलाया और मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे तो दो व्यक्ति खड़े दिखे जिन्होने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम द्वारा दोनों को घेरकर पकड़ लिया। नाम व पता पूछने पर एक ने राजेश शर्मा पुत्र स्व0 श्री बाबूराम शर्मा उम्र 53 साल निवासी ग्राम गिंगरखी थाना मेहगांव जिला भिण्ड हाल भगवन सिंह नगर ग्वालियर तथा दूसरे ने आदित्या शर्मा पुत्र राजेश शर्मा उम्र 24 साल निवासी ग्राम गिंगरखी थाना मेहगांव जिला भिण्ड हाल भगवन सिंह नगर ग्वालियर को होना बताया। इस संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ने अपराध करना स्वीकार किया। उसके बाद दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया ।

बीएसएनएल की जल्द शुरू होगी 5जी सेवा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 सितम्बर. भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) जल्दी ही 5 जी की सेवायें शुरू कर सकता है। इसके लिये बीएसएनएल ने 5जी की टेस्टिंग हैदराबाद में कर ली है। बस अब इसके लिये औपचारिक स्वीकृति बाकी है। वहीं बीएसएनएल ने अपने आजादी प्लान में भी रिकार्ड बनाया है, पूरे प्रदेश में आजादी प्लान के तहत 1 रूपये सिम योजना में 80 हजार से भी ज्यादा सिम उपभोक्ताओं को दी गई।

बीएसएनएल पर तमाम बंदिशों व सरकारी कांट छांट के बाद भी उपभोक्ताओं का जादू सर चढ़कर बोल रहा हैं। बीएसएनएल अभी मोबाइल नेटवर्क कंपनियों के मुकाबले 4जी पर हैं, लेकिन अन्य मोबाइल कंपनियों के मुकाबले बीएसएनएल उपभोक्ताओं की पसंद बना हुआ है। प्रदेशभर में बीएसएनएल ने अपने मोबाइल नेटवर्क बढ़ाने के लिये टावरों का जाल बिछाया हैं। अकेले ग्वालियर चंबल संभाग में ही 500 से भी ज्यादा टावर स्थापित किये हैं। इसी कारण ग्वालियर अंचल में बीएसएनएल के प्रति उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ा है। अन्य मोबाइल कंपनियों से उपभोक्ता बीएसएनएल की ओर आये है। ग्वालियर दूरसंचार जिले में ही डेढ़ लाख से अधिक मोबाइल यूजर बीएसएनएल के है। 10 हजार नये यूजर आजादी प्लान में आये हैं। जिन्हें 1 रूपये सिम में कालिंग फ्री व 2 जीबी डेटा पर डे फ्री मिल रहा है।

बीएसएनएल की सेवा दुर्गम क्षेत्रों में भी- इस संदर्भ में बीएसएनएल के प्रमुख महाप्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि बीएसएनएल ने भारत सरकार की योजना के तहत आदिवासी व ग्रामीण दुर्गम क्षेत्रों में भी नेटवर्क स्थापित किया है, जहां अन्य मोबाइल कंपनियां नेटवर्क नहीं दे पा रही थी। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में बेसिक टेलीफोन भी लगाये गये हैं।

गाड़ी धुलाई के पैसे मांगने पर फायरिंग, ग्राहक ने की मारपीट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 सितम्बर. एक गाडी के मालिक ने अपनी गाडी की धुलाई कराई लेकिन जब धुलाई सेंटर के मालिक ने गाडी की धुलाई के पैसे मांगे तो गाडी के मालिक ने गाली-गलौज, मारपीट करने के बाद फायरिंग कर दी। जानकारी के अनुसार घटना मुरार थाना क्षेत्र के जडेरूआ की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद फायरिंग करने वाले सोनू लोधी को देर रात गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस पकडे गए आरोपी से पूछताछ कर रही है। मुरार थाना क्षेत्र के अडेरूआ निवासी सौरभ बैस का एक वाहन धुलाई सेंटर है। शनिवार रात उसके सेंटर पर सोनू लोधी अपनी गाडी धुलवाने के लिए आया था। गाडी धुलाई के बाद जब सौरभ ने पैसे मांगे तो सोनू ने पैसे देने से इनकार कर दिया और फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग के बाद वहां भगदड मच गई, जिसके बाद मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं पुलिस के प्रयास के बाद आरोपी को पकड लिया गया है।

मुरार थाना प्रभारी मैना पटेल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गाडी की धुलाई के पैसे मांगने पर एक युवक ने फायरिंग कर दी जिसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उससे पूछताछ भी की जा रही है।

भाजपा की सेवा पखवाड़ा को लेकर जिला कार्यशाला आज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 सितम्बर. भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर की सेवा पखवाड़ा को लेकर जिला कार्यशाला सोमवार, दोपहर 12:30 बजे, भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन में होगी। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने दी।

भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने बताया कि भाजपा की सेवा पखवाड़ा को लेकर जिला कार्यशाला आज दोपहर 12:30 बजे, मुखर्जी भवन में आयोजित होगी। इस जिला कार्यशाला में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक, सेवा पखवाड़ा मंडल की टीम, मंडल अध्यक्ष शामिल होंगे।

स्वच्छ वायु दिवस पर इलेक्ट्रिक व्हीकल वाहन रैली 9 को

ग्वालियर 7 सितम्बर. शहर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आमजन को वायु सुधार को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 9 सितम्बर दोपहर 12 बजे बैजाताल से इलेक्ट्रिक व्हीकल-स्वच्छ वायु दिवस पर वाहन रैली निकाली जाएगी। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा जारी आदेशानुसार शहरी क्षेत्र में प्रायः देखने में आ रहा है कि डीजल, पेट्रोल चलित वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण वायु में कार्बन मोनो ऑक्साइड, नाइट्रोजन के ऑक्साइड, कार्बन डाई ऑक्साइड इत्यादि गैसों के घुलने के कारण शहरी वायु गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव देखा जा रहा है। वायु सुधार की दृष्टि से शहरी सीमा के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जनमानस को जागरूक करने व अधिकतम इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी चलित वाहनों अथवा सार्वजनिक वाहनों से आवागमन करने के लिए प्रेरित हेतु 9 सितम्बर को दोपहर 12 बजे यह वाहन रैली बैजाताल से प्रारंभ होकर समापन स्थल बाल भवन रहेगा।

आदर्श गौशाला मुरार में पितृपक्ष पर श्रीमद् भागवत का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 सितम्बर. पितृपक्ष पर आदर्श गौधाम मुरार में रविवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत मूल पाठ पारायण का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 13 सितंबर तक संतों की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ भागवत आचार्य पं. घनश्याम शास्त्री ने पितृ पूजन एवं गौ पूजन के साथ किया। आयोजन में पूज्य संत ऋषभ देवानंद महाराज का सान्निध्य मिल रहा है।

आशीर्वचन में महाराज ने कहा कि गौशाला में भागवत श्रवण से पितृ तर्पण, गीता पाठ और गायत्री जाप का फल लाखों गुना बढ़ जाता है। पितृपक्ष में गौशाला में होने वाला भागवत पाठ न केवल पितरों की तृप्ति करता है बल्कि परिवार के कल्याण, ग्रहशांति और जीवन में चारों पुरुषार्थ की सिद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इस अवसर पर पवन भटनागर, प्रदीप भटनागर, अरुण तिवारी, राज शर्मा, वरुण काकोरिया, सुशील पंडित, हरिओम शर्मा, आशुतोष सिंह, विजय गोयल, दीपक गोयल, अनिल सिंह चैहान, शैलेंद्र सिंह चैहान, प्रवीण दीक्षित, साहिल थापा, संतोष श्रीवास्तव, नरोत्तम चतुर्वेदी, शिव शंकर गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आचार्य पं. शास्त्री ने ग्वालियर सहित आसपास के भक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस पुण्य आयोजन का लाभ उठाएँ और श्रीमद् भागवत श्रवण कर अपने पितरों की आत्मशांति के लिए मंगलकामना करें।

निगम परिषद की बैठक आज

ग्वालियर। नगर निगम परिषद के साधारण सम्मेलन का आयोजन सोमवार 08 सितंबर को दोपहर 3 बजे सभापति मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा।

इंदौर के बाद ग्वालियर के अस्पताल में भी चूहों का आतंक, नवजात बच्चों को खतरा

ग्वालियर 7 सितम्बर. जेएएच समूह के कमलाराजा अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में चूहों का डर बना हुआ है। हालत यह है कि प्रसूताओं और नवजातों के बीच तक चूहे पहुंच रहे हैं। इंदौर के एमवाय अस्पताल में चूहों के काटने से दो नवजातों की मौत की घटना के बाद भी ग्वालियर के इस सबसे बड़े महिला अस्पताल ने सबक नहीं लिया है। यहां न चूहों को रोकने के लिए कोई ठोस इंतजाम हैं और न ही संक्रमण से बचाव के उपाय। मरीजों में भय का माहौल है।

वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक वाल्मीकि नहीं रहे

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कई निगम बोर्डों में रहे अशोक वाल्मीकि का आज प्रातः स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निबुआ पुर से मुरार शमशान घाट दोपहर 2 बजे पहुंचेगी। उनके निधन से भाजपा में शोक व्याप्त है।

स्वर धारा साहित्यिक संस्था की काव्य गोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 सितम्बर. स्वर धारा साहित्यिक संस्था की मासिक गोष्ठी रुहानी शायर विजय सेठी अकेला के निवास पर गीतकार ब्रजेश श्रीवास्तव एवं डाक्टर सुरेश सम्राट की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि डाक्टर देवेन्द्र तोमर मुरेना एवं सारास्वत अतिथि नयन किशोर श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि इंजीनियर शरद आहूजा रहे।

गोष्ठी का संचालन प्रतिपाल सिंह राजावत द्वारा किया गया।

आमंत्रित सृजनकर्ताओं ने गोष्ठी को कुछ इस तरह ऊंचाईयों पर पहुंचाया...

बात पर ना बात पर,बिन बात के ये रुठना,
मार डाले मुझको तेरा हाय हंस कर रुठना।
प्रतिपाल सिंह राजावत

कल तलक आयी गीता लेकर, गंगा पार उतरने आई,
आज अचानक वो आई तो सारे वचन मुकरने आई।
डाक्टर देवेन्द्र तोमर मुरेना

द्वंद् एक से मेरे और तुम्हारे हैं,
हम जग से जीते स्वप्नों से हारे हैं।
डाक्टर संकल्प श्रीवास्तव

ज़ख्म दिल के किसी को दिखाये नहीं,
राज हमने कभी भी छिपाये नहीं।

सरिता चौहान

उनकी आंखों में ख्वाब पलते रहे,
हम चिरागों की तरह जलते रहे।
सीता चौहान

जीवन के आयाम बहुत हैं हर पल चलते काम बहुत हैं
तृष्णा कभी न मरने वाली जीवन में संग्राम बहुत हैं।
रामचरण रुचिर

मिलते थे हम तुम नदी किनारे,
दिल की बात बताते तुमको
खाली जेब हमेशा रहती,लालच न थी हमको तुमको।
नयन किशोर श्रीवास्तव

गणपति ब्रह्म ब्रहस्पति रुपम,
सिद्धि विनायक विराट अनूपम।
डाक्टर कपिल खोसला

पनघट खाली गागर रीती
पल छिन भी लगते हैं रीते। **ब्रजेश श्रीवास्तव।**

आत्म मिलन का पल सुनहरा क्या तुम्हें भी याद होगा
कुछ पल का वो मिलन हमारा, क्या तुम्हें भी याद होगा। **माला श्रीवास्तव अज्ञात**

थी तमन्ना यही वो कभी तो मिले,
मौत से पेश्तर ज़िन्दगी तो मिले।
विजय सेठी अकेला

और अंत में रंजना सेठी ने सुमधुर गीत के साथ आभार व्यक्त किया।

समग्र आईडी की ई-केवायसी अवश्य करायें

ग्वालियर 7 सितम्बर. मध्य प्रदेश शासन की समस्त जन कल्याणकारी पेंशनधारी का लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर आधार ईकेवाईसी करना अनिवार्य होगा। नगर निगम सीमांतर्गत सभी नागरिक अपनी समग्र आईडी को आधार से ई-केवायसी अवश्य करायें। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जन कल्याणकारी योजनाओं में आधार आधारित भुगतान के लिए शासन द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसमें विशेष रूप से ऐसे व्यक्ति जिन्हें 600 रूपये प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्ध, कल्याणी, निशक्त, परित्यक्ता को प्रतिमाह प्राप्त होती है एवं अनेक शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए यदि आपके द्वारा ई

कलारी हटवाने महिलाएं सड़कों पर उतरीं

ग्वालियर। डबरा में जंगीपुरा रामगढ़ रोड स्थित शराब कलारी को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा। वार्ड पार्षद सुनीता राजोरिया के नेतृत्व में सड़कों पर उतरी महिलाओं ने प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए और कहा कि कलारी से कॉलोनी का माहौल गंदा हो गया है, आए दिन झगड़ा फसाद होते हैं। महिलाओं ने कलारी न हटाए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

ग्वालियर किले पर होंगे सुरक्षा के कड़े इंतजाम, कलेक्टर ने दिए दिशा निर्देश

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 सितम्बर. ग्वालियर फोर्ट पर आए दिन होने वाली घटना एवं दुर्घटना की रोकथाम एवं इस पर नियंत्रण करने के लिए कलेक्टर रुचिका चौहान ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने तथा आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

अपर कलेक्टर द्वारा संरक्षण सहायक ग्वालियर फोर्ट को लिखे पत्र में कहा गया कि ग्वालियर किले पर आए दिन होने वाली घटनाएं रोकने एवं किले पर प्रभावी इंतजाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जाए। ग्वालियर किले की चार दीवारी से गिरने के कारण व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती है अथवा ये गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही आवश्यक है। इसके लिए दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर उन पर सुरक्षा इन्तजाम सुनिश्चित करे। निर्धारित समयावधि में पर्यटकों का किला परिसर से प्रस्थान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक योजना बनाएं ।खतरनाक स्थानों पर गार्डों की तैनाती सुनिश्चित करे एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्र में चेतावनी वाले फ्लेक्स एवं बोर्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

नेशनल लोक अदालत 13 को

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 सितम्बर. सम्पत्तिकर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों में वसूली के लिए एवं प्रकरणों के निराकरण के लिए 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

निगमायुक्त श्री संघप्रिय ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सदस्य सचिव मप्र राज्य/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला न्यायालय ग्वालियर के आदेशानुसार लोक आदलत का आयोजन नगर निगम के समस्त क्षेत्रीय/वार्ड कार्यालय क्रमांक 1 लगायत 25 एवं जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। उपायुक्त श्री ए पी एस भदोरिया ने बताया कि निगमायुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन में शहर के नागरिकों के सम्पत्तिकर के लंबित वसूली प्रकरणों के निराकरण के लिए आयोजित लोक अदालत में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें 50 हजार से 1 लाख तक की राशि बकाया है, उनके अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट एवं 1 लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

मनीष ज्वेलर्स की चतुर्थ वर्षगांठ उत्सव का बंपर ड्रा आज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 सितम्बर.ज्वेलरी शोरूम मनीष ज्वेलर्स अपनी स्थापना की चतुर्थ वर्षगांठ का उत्सव मान रहा है। जिसमें मनीष ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए इनामी योजना जारी की थी जिसका बंपर ड्रा आज संपन्न होगा। मनीष ज्वेलर्स के संचालक यश माहेश्वरी ने बताया की बंपर ड्रा विधायक लश्कर पूर्व डॉ सतीश सिकरवार और ग्वालियर की महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार के कर कमलो से संपन्न होगा। दोनों ही अतिथियों द्वारा पांच ईनामी बंपर ड्रा निकाले जाएंगे बंपर ड्रा का कार्यक्रम दोपहर 3: 00 बजे मनीष ज्वेलर्स पर रखा गया है। उल्लेखनीय है की मनीष ज्वेलर्स ने चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष में यहां इनामी योजना जारी की थी जिसमें 50000 रु. की खरीद पर इनामी कूपन खरीदार को दिया जा रहा था जिसके डेली ड्रॉ में माइक्रोवेव ओवन या ग्लेड का ग्लेंडर भाग्यशाली विजेता को मिल रहा था। बंपर ड्रामा में प्रथम पुरस्कार के रूप में भाग्यशाली विजेता को 299000 रुपए मूल्य की ओएलईडी दी जाएगी। द्वितीय पुरस्कार के रूप में एलजी का 99990 रु मूल्य का एसबीएस रेफ्रिजरेटर भाग्यशाली विजेता को मिलेगा। तृतीय पुरस्कार के रूप में एलजी की 65 यूएचडी एलईडी भाग्यशाली विजेता को मिलेगी चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 55 यूएचडी और पंचम पुरस्कार के रूप में 43 एलईडी भाग्यशाली विजेताओं को दी जाएगी।

कैप्टन रूप सिंह को शहर वासी आज करेंगे नमन

ग्वालियर 7 सितम्बर . विश्व विख्यात ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी कैप्टन रूप सिंह जी के जन्म दिवस पर आज सुबह 8 बजे कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम स्थित समाधि स्थल पर खेल प्रेमी और नगर वासी श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे ।

खाद की दुकान पर छापामार कार्रवाई कर अवैध रूप से भंडारित खाद जब्त, दुकान सील

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 सितम्बर जिले में डबल लॉक, प्राथमिक सहकारी संस्थाओं एवं खाद की निजी दुकानों से किसानों को सुव्यवस्थित ढंग से खाद वितरित कराया जा रहा है। साथ ही खाद वितरण में कोई अनियमितता न हो, इसके लिए खाद की सरकारी एवं निजी दुकानों पर 24 घंटे नज़र रखी जा रही है। इस कड़ी में जिला प्रशासन, पुलिस व कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार की रात टेकनपुर स्थित खाद की दुकान श्रीराम कृषि सेवा केंद्र पर छापामार कार्रवाई की। विभिन्न प्रकार की अनियमिततायें मिलने पर खाद की इस दुकान को सील कर दिया गया है। जिला प्रशासन को खाद की इस दुकान पर रासायनिक उर्वरक की कालाबाज़ारी होने की सूचना

मिली थी। इस सूचना के आधार पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है।

तहसीलदार डबरा श्री दिव्यदर्शन शर्मा ने बताया कि छापामार कार्रवाई के दौरान यूरिया की 29 बोरी बिना दस्तावेज के एक गाड़ी में रखी पाई गईं। इस वाहन को जब्त कर पुलिस चौकी टेकनपुर के सुपुर्द किया गया। इसके आलावा इस वितरण केंद्र में स्थित गोदाम में 55 बोरी यूरिया व 50 बोरी डीएपी आदि सामग्री प्राप्त हुई। दुकान संचालक तत्समय कोई स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं कर सका, न ही कोई बिल आदि प्रस्तुत कर सका। इस प्रकार की अनियमितता सामने आने पर पंचनामा तैयार कर यह खाद विक्रय केंद्र सील कर दिया गया है। साथ ही सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL-HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय- ग्राउंड फ्लोर, बल्ला का डेरा, ग्वालियर झांसी रोड, डबरा, ग्वालियर, म.प्र.-475110 में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के अंतर्गत बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि IIFL-HFL के प्राधिकृत अधिकारी ('AO') ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावना संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था. आईआईएफएल-एचएफएल के बकाये की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है, जो है जैसा है तथा बिना किसी सहारे के आधार पर' इसे बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी मंच के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी.

देनदार/सहदेनदार/ गारंटर का नाम	डिमांड नोटिस की तिथि व राशि	अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण	सांकेतिक कब्जा तिथि	रिजर्व मूल्य
श्रीमती ममता श्रीमती भोलू जैन भोला जैन साड़ी सेन्टर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल 10360357)	17-3-2025 रु. 617720/- (रु. छह लाख सत्रह हजार सात सौ बीस मात्र)	संपत्ति का वह समस्त भाग जिसमें शामिल हैं- सर्वे संख्या 787/5/1 - भूखंड 38 और 39 का भाग, पटवारी हल्का संख्या 89 - आर.सी. पुरम - बानमोर - जयपुर उर्फ नयागांव बुद्धिपुर, मुरैना - मध्य प्रदेश 476444 - भारत। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में):- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल- 864.00, 666.80, 600.10	20-6-2025 कुल बकाया राशि 29-8-2025 को रु. 665884/- (रु. छह लाख पैंसठ हजार आठ सौ चौरासी मात्र)	रु. 5,14,000/- (रु. पांच लाख चौदह हजार मात्र)
	बिड वृद्धि राशि रु. 20,000/- (रु. बीस हजार मात्र)			बयाना जमा राशि (ईएमडी) रु. 51400/- (रु. इक्यावन हजार चार सौ मात्र)

प्रॉपर्टी निरीक्षण दिनांक	ईएमडी की अंतिम दिनांक	ई-नीलामी दिनांक/समय
8 अक्टूबर 2025 11.00-14.00 बजे	10 अक्टूबर 2025 के 5.00 बजे तक	13 अक्टूबर 2025 11.00 से 13.00 बजे

भुगतान का तरीका- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है. भुगतान करने के लिए आपको https-//www.iflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा.
नोट- प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है. सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं.
शेष भुगतान के लिए - https-//www.iiflonehome.com >मेरी बोली >शेष राशि का भुगतान करें पर लॉग इन करें.
महत्वपूर्ण जानकारी-यह नीलामी SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत कब्जे के आधार पर प्रकाशित की गई है. भौतिक कब्ज़ा SARFAESI अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धारा - 14 आदेश प्राप्त होने के बाद और जब भी भौतिक की पेशकश की जाएगी, कब्ज़ा ले लिया जाएगा. बोली लगाने वाले को भाग लेने से पहले दस्तावेजों और वैधता के संबंध में आवश्यक परिश्रम करना होगा.

नियम एवं शर्तें:-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https-//www. iiflonehome.com के पास अपना विवरण पहले से पंजीकृत करना होगा तथा लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त शाखा कार्यालय में ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति तथा पैन कार्ड के साथ अपना 'निविदा प्रपत्र' जमा/भेजना होगा.
2. बोलीदाताओं को 'बोली वृद्धि राशि' कॉलम के अंतर्गत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपनी पेशकश में सुधार करना होगा. यदि बोली नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समापन समय स्वतः ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा.
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा. सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से किए जाएंगे.
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित प्रभारों का भुगतान करना होगा.
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन का भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के साथ टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा.
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https-//www.iiflonehome.com और https-//www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें.
7. ई-नीलामी पर विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर : @1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं.
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच 09:30 बजे से 18:00 बजे तक IIFL HFL टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल करें : care@iiflonehome.com
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जे में लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को इकट्ठा करें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
10. इसके अलावा उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपर